सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

संदेश

हिन्दी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में 14-15 सितम्बर, 2024 को हिन्दी दिवस समारोह एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई है।

संविधान सभा द्वारा हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किए जाने को इस वर्ष 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा हीरक जयंती स्मारिका का प्रकाशन सराहनीय है।

किसी भी देश की भाषा वहां की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को संजोकर, ज्ञान एवं परंपरा को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह देखकर गर्व होता है कि भारत-भूमि पर अनेक भाषाओं का सह-अस्तित्व है और सदियों से यहां विभिन्न भाषाएं पुष्पित-पल्लवित हो रही हैं।

हिन्दी की सरल, सहज और सर्वसमावेशी प्रकृति इसे विशेष बनाती है। शिक्षा, शोध, व्यापार एवं रोजगार समेत विभिन्न क्षेत्रों में आज व्यापक स्तर पर हिन्दी का प्रयोग हो रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी, इंटरनेट और डिजिटल मीडिया के युग में हिन्दी अपना प्रभाव दिखा रही है, जिसका श्रेय विशेष रूप से हमारी युवा पीढ़ी को जाता है। आज के इस तेजी से बदलते समय में भी उन्होंने हिन्दी की मूल भावना और अस्तित्व को बनाए रखा है।

हिन्दी भाषा की लोकप्रियता न केवल हमारे देश में, बल्कि विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी बढ़ रही है। हमें गर्व है कि आज हिन्दी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है।

हिन्दी के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। आशा करता हूं कि हिन्दी की उपयोगिता को बढ़ाने में विभाग इसी तरह बढ़-चढ़कर योगदान देता रहेगा। इस विश्वास के साथ राजभाषा विभाग को सम्मेलन के आयोजन और पत्रिका के सफल प्रकाशन की हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
भाद्रपद 11, शक संवत 1946
02 सितम्बर, 2024